रुब्रिक क्या है?

रूब्रिक, एक विशिष्ट कार्य पर विद्यार्थियों का आकलन करने के लिए उपयोग किए जाने वाले मानदंडों का एक व्यापक समूह है। रूब्रिक, कार्य के प्रदर्शन और आकलन के मानदंडों को रेखांकित करता है। यह शिक्षक और विद्यार्थियों दोनों द्वारा सहभागितापूर्ण तरीके से विकसित किया गया है। रुब्रिक्स में लचीलापन और अनुकूलन क्षमता होती है, जो बहुत कम अन्य आकलन उपकरणों के पास होती है। जब रूब्रिक्स को सही तरीके से उपयोग किया जाता है तो समय पर प्रतिक्रिया प्रदान करने, विद्यार्थियों को विस्तृत प्रतिक्रिया का उपयोग करने, महत्वपूर्ण सोच को प्रोत्साहित करने, शिक्षण विधियों को परिष्कृत करने और दूसरों के साथ संचार की सुविधा के लिए तैयार किया जाता है।

रुब्रिक, एक आकलन उपकरण है जो स्पष्ट रूप से लिखित से मौखिक तक किसी भी प्रकार के विद्यार्थियों के काम के सभी घटकों में उपलब्धि मानदंड को इंगित करता है।

रुब्रिक में चार मापदंड होते हैं—

1. सौंपे गये काम का विवरण (जैसे, ऊपर स्वच्छता के संबद्ध में दी गई परीक्षा)
2. मापन स्तर (स्तर 1, 2, 3 जैसा कि तालिका में नीचे दिए गए हैं)
3. आयाम (तालिका में नीचे दिए गए, जैसे— प्रश्न निर्धारण, डेटा संग्रह आदि)
4. आयाम मानदंड (स्वतंत्र रूप से सहायता के साथ प्रश्न, स्वतंत्र रूप से पूछे जाने वाले प्रश्न, डेटा संग्रह आदि जैसे मानदंडों पर विद्यार्थियों का आकलन किया जाता है।)